### मोहनगढ़ में राजस्व रिकार्ड सुधार कार्य संबंधी शिविर लगाकर समस्याओं का निराकरण कराया

# रिकार्ड सुधार शब्द की पीड़ा व ख़ुशी का महत्व भटकने वाले को : श्रोत्रिय



#### वंशकार मोहल्ले की बहनों की पेयजल समस्या फ़रवरी के अंत तक हो रही समाप्त

कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि मोहनगढ़ जनसुनवाई विशेष शिविर के दौरान कुछ बहनों ने आकर शिकायत करते हुए बताया कि मोहनगढ़ के वंशकार मोहल्ले में पेयजल की गंभीर समस्या व्याप्त है। क्योंकि वंशकार मोहल्ले में पाइपलाइन नहीं है, जिसकी बजह से पेयजल की समस्या व्याप्त है। और साथ ही साथ मोहल्ले में चल रहा जलजीवन मिशन का कार्य भी पूर्ण नहीं कराया जा रहा। जिसको सुनने के बाद पीएचई बिभाग के कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही उक्त मोहल्ले में जलजीवन मिशन का कार्य पूर्ण कराया जाए।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

रिकार्ड सुधार शब्द को लेकर पीड़ा और कार्य हो जाने पर ख़ुशी का महत्व सिर्फ वही इंसान समझ सकता है जो इस शब्द को लेकर भटकने को मजबूर होता है। उक्त उद्बोधन कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने एक शिविर के आयोजन के दौरान व्यक्त किया।

राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर श्रोत्रिय ने जतारा एसडीएम संजय द्विवेदी एबं संबंधित तहसीलदारों के साथ मोहनगढ़ में राजस्व रिकार्ड सुधार कार्य संबंधी विशेष शिविर लगाकर राजस्व समस्याओं का निराकरण कराया। ग्राम मोहनगढ़ में कलेक्टर श्रोत्रिय, एसडीएम द्विवेदी एवं तहसीलदार कोर्ट लगाकर राजस्व संबंधी समस्याओं को सुना और उनको निराकृत किया। इस दौरान राजस्व अभिलेख सुधार से संबंधित 52 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

#### संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत किया अभिलेख सुधार

कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत अभिलेख सुधार के लिए एक साथ कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कोर्ट लगाकर जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने आमजन से प्राप्त समस्याओं को सुना तथा शीघ्र निराकरण कराने के निर्देश दिये। जनसुवाई में आमजन से 123 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग के 83, वन विभाग का एक, पुलिस विभाग के 4, पंचायत विभाग के 15, मत्स्य विभाग के 2, विद्युत विभाग के 5, पीएचई विभाग के 4, पीडीएस के 5, शिक्षा विभाग के 2, महिला एवं बाल विकास विभाग तथा नगर परिषद जतारा से संबंधित एक-एक आवेदन प्राप्त हुए।

#### कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार कोर्ट लगाकर एक ही दिन में हुई सुनवाई

इस दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार मोहनगढ़ में राजस्व के प्रकरणों के त्वरित समाधान एवं निराकरण के उद्देश्य से लगाये गये कोर्ट में राजस्व विभाग के प्राप्त 83 आवेदनों में से राजस्व अभिलेख दुरूस्ती के कुल 52 प्रकरणों में अंतिम आदेश जारी किये गये। सभी प्रकरणों में आवेदक के पक्ष में निर्णय हुआ। मोहनगढ़ में कलेक्टर, एसडीएम व तहसीलदार न्यायालय में एक ही दिन में सुनवाई की गई।

#### कार्ड, जाति सुधार व अभिलेख दुरुस्ती आवेदनों पर हुई कार्यवाही

जनसुनवाई के दौरान आवेदक राकेश केवट द्वारा बीपीएल कार्ड बनवाने के लिये आवदेन किया गया, जिस पर कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए कार्ड बनवाने के निर्देश दिये। साथ ही चंदन पिता नत्थू द्वारा जाति सुधार के लिये आवेदन दिया किया, जिस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए अभिलेख दुरूस्ती का कार्य किया गया। इसी प्रकार जनसुनवाई के दौरान ग्राम हथेरी निवासी आवेदक भगवानदास का अभिलेख दुरूस्तीकरण, आवेदक गोविन्ददास तथा ग्राम मझगुंवा निवासी आवेदक सुमन पति रमेश यादव के अभिलेख सुधार का मौके पर ही निराकरण किया गया। इसके साथ ही आमजन से प्राप्त लंबित आवेदनों पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करते हुए शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये।

#### स्टॉल लगाकर हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने लिए आवेदन

इस दौरान संकल्प से समाधान अभियान अंतर्गत ग्राम मोहनगढ़ में स्टॉल लगाकर अधिकारी एवं ब्लॉक लेवल अधिकारियों के साथ ही विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति में पात्र हितग्राहियों को शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए आवेदन लिए गये। इस अवसर पर एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, डिप्टी कलेक्टर निशांत भूरिया, जनपद पंचायत जतारा सीईओ सिद्धगोपाल वर्मा, तहसीलदार मोहनगढ़ रमेश चंद परमार सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने उक्त जनसुनवाई विशेष शिविर का महत्त्व बताते हुए कहा कि रिकॉर्ड सुधार एक ऐसा शब्द है, जिसके ना हो पाने की पीढ़ा और हो जाने की ख़ुशी सिर्फ वहीं ब्यक्ति समझ सकता है, जो इसके लिए भटकता है। राजस्व अभिलेखों में जो छोटी छोटी त्रुटियां हुई है, उसमे किसी का नाम कंप्यूटर की त्रुटि से अभिलेख में राम की जगह रामू दर्ज हो गया। किसी महिला के नाम हिरिया के स्थान पर उसके गाँव का नाम शाहवाजीतपुरा टाइप हो गया।

### एसपी ने जारी की साइबर सुरक्षा साप्ताहिक एडवाइजरी

# 8वें वेतन आयोग में सैलरी बढ़ाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी : मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेवासियों को आगाह करते हुए साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। जिसमें एसपी मंडलोई द्वारा बताया गया है कि वेतन आयोग मोबाइल ऐप की एपीके फाइल डाउनलोड करने का ऑप्शन साइवर अपराधियों द्वारा सोशल मीडिया पर दिया जा रहा है। जिसमें 8वें वेतन आयोग में सैलरी बढ़ाने के नाम पर सोशल मीडिया लिंक में फर्जी मोबाइल ऐप की एपीके फ़ाइल डाउनलोड कराने के रूप में ऑनलाइन ठगी की जा रही है। जिससे सभी लोग बचने का प्रयास करें। क्योंकि अज्ञानता व लापरवाही के चलते एक क्लिक की गलती बैंक अकाउंट खाली होने के रूप में भारी पड़ सकती है।

एसपी मंडलोई ने सुरक्षा एडवाईजरी जारी करते हुए जिलेवासियों को बताया कि हाल के दिनों में साइबर अपराधियों द्वारा 8वें वेतन आयोग में सैलरी कितनी बढ़ेगी, बताने के नाम पर फर्जी मोबाइल एप एपीके फाइल डाउनलोड करवाकर ऑनलाइन ठगी की जा रही है। जिससे बचने के लिये जिले में जिला स्तरीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही साइबर अपराधियों द्वारा अपनाई जा रही नई-नई गतिविधियों से आमजन को सचेत करने के लिए साप्ताहिक एडवाइजरी जारी की जा रही है। यह एडवाइजरी भी उसी क्रम में जिलेवासियों के लिए प्रसारित की जा रही है। एसपी मंडलोई ने उक्त ऑनलाइन ठगी से बचने के लिये सावधानियों का अनिवार्य रूप से पालन कराने के लिये बताया कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक आदि पर 8वें वेतन आयोग में आपकी सैलरी कितनी बढ़ेगी, अभी जानें संबंधित जैसे मैसेज व लिंक भेजे जाते हैं। इन लिंक पर क्लिक करने पर एक एपीके फाइल डाउनलोड करने को कहा जाता है। यह एप आपके मोबाइल का पूरा एक्सेस एसएमएस, कॉल, बैंकिंग ऐप, ओटीपी आदि ले लेता है। इसके बाद साइवर अपराधी आपके बैंक खाते से पैसे निकाल लेते हैं या यूपीआई व नेट बैंकिंग के माध्यम से धोखाधड़ी कर लेते हैं। जिससे बचने के लिये अज्ञात स्रोत से कोई भी एपीके फाइल डाउनलोड न करें। केवल गूगल प्ले स्टोर या अधिकृत ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें। अननोन सोर्स अज्ञात स्रोत से इंस्टॉलेशन की अनुमति न दें। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले उसकी सत्यता की पुष्टि करें। किसी के साथ भी अपना ओटीपी, बैंक डिटेल, एटीएम पिन, यूपीआई पिन साझा न करें। वेतन आयोग, सरकारी योजनाओं या सैलरी वृद्धि की जानकारी के लिए केवल आधिकारिक सरकारी वेबसाइट या विभागीय आदेश पर ही विश्वास करें।और यदि किसी ऐप द्वारा अनावश्यक परमिशन मांगी जाए तो तुरंत सतर्क हो जाएं। मोबाइल में एंटीवायरस एवं सिक्योरिटी अपडेट समय-समय पर अपडेट रखें। सोशल मीडिया पर वायरल मैसेज को बिना सत्यापन आगे फॉरवर्ड न करें। एसपी मंडलोई ने बताया कि यदि आप ठगी का शिकार हो भी जाएं तो तुरंत अपने बैंक की हेल्पलाइन पर संपर्क कर ट्रांजेक्शन रुकवाने का प्रयास करें। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें।साइबरक्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करें। नजदीकी पुलिस थाने में स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर सेल में संपर्क करें।

## मारपीट कर दी धमकी, केस दर्ज

**ललितपुर**। थाना महरौनी क्षेत्र में मामूली विवाद को लेकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महरौनी थाना के मोहल्ला शहीद पार्क के सामने निवासी शाजिद खान पुत्र जिराईल खान ने बताया कि 8 फरवरी 2026 को अपराह्न करीब 3 बजे वह अपनी दुकान के पास बैठा था। इसी दौरान पड़ोसी फरूख और छोटू पुत्रगण शरफुद्दीन आए और छत से पानी गिरने को लेकर विवाद करने लगे। पीड़ित ने जब उसने गाली-गलौज से मना किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से उसके साथ मारपीट की, जिससे उसे चोटें आईं।

### महाशिवरात्रि पर्व को लेकर यातायात व पार्किंग व्यवस्था की लागू

# सुरक्षा को सर्वोपरि रख एसपी मंडलोई ने प्लान किया जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

आगामी महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 15 फरवरी को कुंडेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ एवं आवागमन की प्रबल संभावना को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिँह मंडलोई द्वारा प्राथमिकता से सुबह 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक विशेष यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था लागू की जा रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा, सुगम यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिये मार्ग परिवर्तन एवं पार्किंग व्यवस्था बनाई गई है। जिसमें मार्ग परिवर्तन व्यवस्था के तहत सुबह 7 से रात्रि 12 बजे तक महरौनी से टीकमगढ़ आने वाले वाहनो एबं टीकमगढ़ से महरौनी जाने वाले वाहनो के लिये रूट बनाया गया है। उक्त मार्ग से यात्री बसें, भारी वाहन, चार पहिया एवं दो पहिया वाहन आवागमन कर सकेंगे।

पार्किंग व्यवस्था के रूप में टीकमगढ़ से कुंडेश्वर मंदिर आने वाले दर्शनार्थियों के चार पहिया वाहनों के लिये 3 पार्किंग स्थल बनाये गये है। जिनमे बीटीआई व डाइट प्रांगण, महर्षि विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण एबं कृषि महाविद्यालय क्रिकेट ग्राउंड स्थल चयनित किया गया है। तीन पहिया वाहन ई-रिक्शा व ऑटो पार्किंग के लिये मेला ग्राउंड के समीप सब्जी बाजार क्षेत्र में सवारी उतारने एवं बैठाने की व्यवस्था रहेगी। दो पहिया वाहन पार्किंग के लिये वीटीआई 5 डाइट ग्राउंड, सरदार सिंह पार्क, महर्षि विद्या मंदिर स्कूल प्रांगण, कृषि महाविद्यालय क्रिकेट ग्राउंड को चयनित




किया गया। इसके अलावा टीकमगढ़ से आने वाली ट्रैक्टर-ट्रॉली की पार्किंग कृषि महाविद्यालय क्रिकेट ग्राउंड में की जाएगी। पुलिस ने यात्रियों से अपील करते हुए कहा है कि टीकमगढ़ से ललितपुर व महरौनी एवं ललितपुर व महरौनी से टीकमगढ़ आने-जाने वाले यात्री बानपुर रोड मार्ग का उपयोग करें। निर्धारित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का पालन करें, जिससे महाशिवरात्रि पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## भारतीय किसान संघ ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

**ललितपुर**। भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों एवं किसानों ने बुधवार को विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की। किसानों ने फसल बीमा भुगतान, भूमि वर्गीकरण, वन्यजीवों से हो रहे नुकसान, सड़कों की बदहाली और मंडी से जुड़ी अव्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। ज्ञापन में बताया कि खरीफ फसल वर्ष 2025 का बकाया फसल बीमा अब तक किसानों को नहीं मिल पाया है, जिसे अविलंब दिलाया जाए। इसके साथ ही खरीफ फसल 2019 में बैंकों की लापरवाही के कारण लगभग 3500 किसानों का बीमा पोर्टल पर अपलोड नहीं हो सका, जिससे उनका बीमा आज तक लंबित है। किसानों ने मांग की कि ऐसे सभी मामलों की जांच कर संबंधित किसानों को बीमा लाभ दिलाया जाए। वहीं खरीफ फसल 2024 में लगभग 75 प्रतिशत फसल नष्ट होने के बावजूद किसानों को नाममात्र का बीमा भुगतान किया गया, जिसकी निष्पक्ष जांच कर पूर्ण बीमा राशि दिलाने की मांग उठाई गई। किसानों ने भूमि संबंधी समस्याओं को भी प्रमुखता से उठाया।

### प्रखर होंगे अंतरराष्ट्रीय भौतिकी शिखर सम्मेलन में शामिल

# युवा मिसाइल मैन को आया अमेरिका से बुलावा

> 15 से 20 मार्च तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया के 13000 से अधिक नामचीन वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता शामिल होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर के रहने वाले युवा मिसाइल मैन और अंतरिक्ष शोधकर्ता प्रखर विश्वकर्मा ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर में अपनी विशेषज्ञता साबित करने वाले प्रखर ने 300 से अधिक अंतरराष्ट्रीय सर्टिफिकेशन्स हासिल कर अपनी तकनीकी श्रेष्ठता साबित कर दी है।

उनकी इसी असाधारण उपलब्धि और नवाचार को देखते हुए दुनिया की सबसे बड़ी फिजिक्स संस्था 'अमेरिकन फिजिकल सोसाइटी ने उन्हें अमेरिका के डेनवर में आयोजित होने वाले 'ग्लोबल फिजिक्स समिट 2026' के लिए विशेष निमंत्रण भेजा है। 15 से 20 मार्च तक चलने वाले इस महाकुंभ में दुनिया के 13,000 से अधिक नामचीन वैज्ञानिक और नोबेल पुरस्कार विजेता शामिल होंगे। मध्य प्रदेश के एक युवा का इस मंच पर पहुंचना पूरे देश के लिए गौरव का क्षण है। प्रखर विश्वकर्मा, जो एयरो एक्स स्पेस टेक्नोलॉजी के संस्थापक और रिसर्चर हैं, ने प्रोजेक्ट राम ( रीलॉन्च ऑटोमैटिक न्यूक्लियर



मिसाइल ) विकसित कर रक्षा क्षेत्र को एक नयी दिशा दी है। यह एक ऐसी मिसाइल है जो न केवल सटीक वार करती है, बल्कि मिशन के बाद वापस अपने बेस पर सुरक्षित लैंड कर सकती है। इस रीयूजेबल तकनीक की सराहना देश के सबसे बड़े संस्थानों जैसे विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र और नेहरू साइंस सेंटर में भी हो चुकी है।

#### 30 देशों के लिए डिजाइन किए रॉकेट और ड्रोन

महज बी.टेक की पढ़ाई (बंसल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स, भोपाल) के दौरान ही प्रखर ने 30 से अधिक देशों की स्पेस और डिफेंस एजेंसियों के लिए रॉकेट, सैटेलाइट और ड्रोन सिस्टम डिजाइन किए हैं। उनकी वैश्विक पहुंच का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जर्मनी के 'इंटरनेशनल स्पेस एक्सपो' के बाद अब अमेरिका ने उन्हें अपने सबसे बड़े वैज्ञानिक मंच पर आमंत्रित किया है।

#### इसरो ट्यूटर से ग्लोबल इनोवेटर तक का सफर

प्रखर की सबसे बड़ी उपलब्धि उनकी शिक्षा के प्रति लगन है। इसरो (भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन) के पंजीकृत 'स्पेस ट्यूटर' के रूप में प्रखर रोज लगभग 600 से 700 बच्चों को खगोल विज्ञान और रॉकेट विज्ञान की शिक्षा दे रहे हैं। वे डिजिटल माध्यमों का उपयोग कर देश के भविष्य को अंतरिक्ष की बारीकियों से रूबरू करा रहे हैं।

#### सम्मान और उपलब्धियां

राज्य गौरव सम्मानः मध्य प्रदेश सरकार द्वारा उत्कृष्ट नवाचार योगदान के लिए सम्मानित। इंटरनेशनल आइकॉन अवॉर्ड 2025: वैश्विक मंच पर उनकी उपलब्धियों के लिए इंटरनेशनल वर्ल्ड रिकॉर्ड संस्था द्वारा मिला सम्मान। प्रखर का कहना है कि श्मेरा लक्ष्य भारत को रक्षा और अंतरिक्ष तकनीक में आत्मनिर्भर बनाना है। यह आमंत्रण सिर्फ मेरा नहीं, बल्कि उन सभी भारतीय युवाओं का सम्मान है जो विज्ञान के जरिए देश की सेवा करना चाहते हैं।

### 6 माह से टूटी पड़ी पुलिया, राहगीर परेशान

# मंडल अध्यक्ष ने सीएमओ को ज्ञापन सौंपा, निर्माण की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलेरा

नगर परिषद क्षेत्र में जतारा नौगांव मुख्य मार्ग से पावर हाउस वार्ड क्रमांक 14 को जोड़ने वाली सड़क की पुलिया पिछले लगभग 6 माह से टूटी पड़ी है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष संजय अहिरवार संजू बाबा ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी शिवि उपाध्याय को लिखित शिकायत सौंपकर शीघ्र निर्माण की मांग की है। उक्त मांग पत्र में उल्लेख किया गया है कि यह मार्ग क्षेत्र का सबसे व्यस्त मार्ग है और पुलिया क्षतिग्रस्त होने के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। पूर्व में भी इस संबंध में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। स्थानीय नागरिकों में भी नाराजगी देखी जा रही है और उन्होंने शीघ्र समाधान की मांग की है।

### सभी बूथों पर भाजपा जिलाध्यक्ष नेतृत्व में पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

# पं दीनदयाल के सपने को साकार करने अंतिम छोर के व्यक्ति को जोड़ रहे मुख्य धारा से: सरोज







हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पं दीनदयाल उपाध्याय के सपने को साकार करने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा अंतिम पंक्ति के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ देकर उन्हें विकास की मुख्य धारा में जोड़ा जा रहा है। उक्त संबोधन भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को लेकर आयोजित श्रद्धांजली कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किया। स्थानीय महेंद्र सागर तालाब के पास स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिले के सभी 808 बूथों पर अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत द्वारा स्थानीय कॉलेज के समीप पं दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा स्थल पर माल्यार्पण किया गया एवं भाजपा कार्यालय में नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सरोज राजपूत द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी गई और उनके आदर्शो पर प्रकाश डालते हुए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारी व बूथ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### पं दीनदयाल ने दिया था अंतिम छोर के व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा में लाने का मंत्र

भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी, अंत्योदय एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर हम उनको नमन करते हैं। जिन्होंने अपना सारा जीवन देश हित में समर्पित कर दिया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने अंतिम पंक्ति के अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक को विकास की मुख्य धारा में लाने का मंत्र दिया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को राजस्थान में धनकिया नामक स्थान जयपुर अजमेर रेलवे लाइन के पास हुआ था। उनका मानना था कि स्वदेशी और लघु उद्योग भारत की आर्थिक योजना की आधारशिला होनी चाहिए, जिसमें सद्भाव, सांस्कृतिक, राष्ट्रीय नीति और अनुशासन का समावेश हो। इसलिये भाजपा सरकार गरीब एवं वंचित वर्ग को विकास की मुख्य धारा में लाने का कार्य कर रही है। वहीं आज से ही भाजपा द्वारा जिले में समर्पण निधि के कार्यक्रम भी तय किए गए हैं, जिसके जिला प्रभारी मनोज देवालिया व सह प्रभारी अंकित तोमर को बनाया गया है। इस दौरान उक्त कार्यक्रम में सावरकर मंडल उपाध्यक्ष हिमांशु उर्फ़ छोटे तिवारी, पूर्व पार्षद पिंटू मिश्रा, रोहित खटीक, अभिषेक खरे रानू, प्रफुल्ल द्विवेदी, मुन्ना लाल साहू, विकास यादव, प्रतेंद्र सिंधई, जनमेजय तिवारी, इंजी अभय प्रताप सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी, बृजकिशोर तिवारी, विजय पटेरिया, पुष्पा यादव, विभा श्रीवास्तव, मीरा खरे, रोहित वैसाखिया, आकाश विश्वकर्मा, पंकज प्रजापति, शिवचरण उटमालिया, धर्मेंद्र बुंदेला, गिन्नी यादव, अरविंद श्रीवास्तव, देवेंद्र सेन, चीकू यादव, मनोहर अहिरवार, हनी जैन, आकाश अवस्थी, अंशुल सोनी, राजेश सोनी, विनोद कड़ा, हिमांशु जैन, निर्मल नीरज शर्मा व पीडी उटमालिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भ्रष्टाचार की दास्तान बयां करती श्रीजी की गांवड़ी की घटना

# 6 माह पहले हुए भौतिक सत्यापन में 4 सैकड़ा स्कूल बताए थे जर्जर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मंगलवार को प्राथमिक स्कूल श्री जी की गांवड़ी का भर भराकर गिरा भवन महज एक बिल्डिंग का गिरना नहीं बल्कि शिक्षा विभाग का भ्रष्टाचार में लिप्त वह सिस्टम है जो सिर्फ खाओ और खाने दो की नीति पर आधारित है ज्ञात हो कि 6 माह पूर्व अगस्त माह में ही कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले के सभी स्कूलों का भौतिक सत्यापन कराया गया था जिसमें चार सैकड़ा के करीब स्कूलों को जर्जर बताया गया था। इनमें श्री जी की गांवड़ी वाला स्कूल भी शामिल था। प्रश्न यह उठ रहा है कि जब भौतिक सत्यापन में स्कूल जर्जर घोषित किया जा चुका था तो फिर इस भवन में बैठाकर बच्चों की पढ़ाई क्यों कराई जा रही है। क्या किसी हादसे का इंतजार किया जा रहा था।

जिला शिक्षा केन्द्र ने तीन साल पहले कराए सर्वे में जिले में 57 स्कूल भवन ऐसे चिन्हित किए थे जो कि गिरने की कगार पर थे। इनमें कराहल विकासखंड के 17 जबकि श्योपुर और विजयपुर विकासखंड के 20-20 स्कूल शामिल थे। सरकार ने इन स्कूलों की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत करते हुए 31 मार्च 2023 तक मेंटेनेंस का काम पूरा करने के निर्देश दिए थे स्वीकृत राशि से स्कूल भवन के दरवाजों, खिड़कियों, फर्श, टॉयलेट, छत, बाउण्ड्रीवॉल आदि की मरम्मत का कार्य कराया गया था, पर स्कूल शिक्षा विभाग से जुड़े सूत्रों की मानें तो इस राशि का उपयोग भवनों के मेंटेनेंस करने के बजाए फर्जी बिल बनाकर राशि हड़प ली।




### एक साल पहले ग्रामीणों ने बनाया था वीडियो

श्री जी की गावड़ी प्राथमिक स्कूल का जो भवन गिरा है उस भवन सहित वह भवन जिसमें बच्चे अभी पढ़ रहे हैं को ग्रामीणों ने जर्जर बात कर मेंटेनेंस की मांग की थी ग्रामीणों ने इसका वीडियो भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था स्कूल के हेड मास्टर ने भवन के जर्जर होने ओर कभी भी गिरने की संभावना व्यक्त की थी। प्रश्न यह उठ रहा है कि इसके बावजूद भवन का मेंटेनेंस क्यों नहीं कराया गया और जिस कक्ष में स्कूल प्रबंधन होने के बाद का रहा है तो उसके गिरने का इंतजार क्यों किया गया। अगर भवन के गिरने की चपेट में बच्चे आ जाते तो क्या होता।

### श्योपुर और विजयपुर के 20-20 स्कूलों की मरम्मत पर खर्च की गई राशि

श्योपुर और विजयपुर विकासखंड के 20-20 मिडिल व प्रायमरी स्कूल भवनों की मरम्मत पर राशि खर्च किया जाना बताया है, जिनमें श्योपुर विकासखंड के अलापुरा, रतोदन, मकड़ावदा बागल्दा चन्द्रपुरा मेखड़ाहेड़ी, उतनवाड़ लुहाड़ ढोटी, अड़वाड, आवनी दलारना, वार्ड नं. ०४, मिडिल स्कूल नं. 03. रामबाड़ी, सोईकला, मानपुर, हरनामचंद का डेरा, ढोदर, सेमलदा स्थित स्कूल भवन शामिल थे, जबकि विजयपुर विकासखंड के सुखवास, हासिलपुर, हीरापुर, बरौली रघुनाथपुर, घूंघस, वीरपुर, कन्या वीरपुर, गढी. दौद, पालपुर, अगरा, इकलौद, खितरपाल गोहटा, दाउवपुर, बड़ौदाकला, सहसराम, पार्वती बड़ौदा तथा हरिजन बस्ती विजयपुर स्थित स्कूल भवन की मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत की गई थी।

**इनका कहना...**

मैने कल मौके पर पहुंचकर वस्तु स्थिति का जायजा लिया था। स्टाफ और ग्रामीणों से चर्चा कर पंचनामा बनाया है। जांच दल भी गठित कर रहे हैं।

एमएल गर्ग
डीईओ श्योपुर

## आसीदा में चल रही कथा में तीसरे दिन किया गया सती चरित्र, ध्रुव कथा का वर्णन

# भागवत कथा के श्रवण से जीवन में धर्म का मार्ग प्रशस्त होता है:शास्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ग्राम आसीदा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा व्यास पं नटवरलाल शास्त्री ने सती चरित्र, कपिल देव संवाद, ध्रुव चरित्र तथा नर सिंह अवतार प्रसंग की कथा का वर्णन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उपस्थित रहे।

कथा व्यास पं नटवारलाल शास्त्री ने ध्रुव के चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि मात्र 5 वर्ष की आयु में भी निष्ठापूर्वक भगवान विष्णु को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने भक्ति की शक्ति और दृढ़ संकल्प के महत्व पर प्रकाश डाला। सती चरित्र के माध्यम से पति-परायणता और शिव भक्ति का महत्व समझाया गया। इसके अतिरिक्त, नरसिंह अवतार का प्रसंग भी सुनाया गया, जिसमें भगवान ने खंभे से प्रकट होकर हिरण्यकश्यप का वध कर भक्त प्रह्लाद की रक्षा की थी।

कथा व्यास ने भगवान की दिव्य लीलाओं, भक्ति के महत्व और सदाचार र विस्तार से प्रवचन दिया। उन्होंने बताया कि भागवत कथा के श्रवण से मन में सकारात्मक विचार आते हैं और जीवन में धर्म का मार्ग प्रशस्त होता है। कथा के दौरान बीच बीच में गाए भजनों पर श्रद्धालुओं ने खूब आनंद लिया और नृत्य किया। बताया गया है कि कथा स्थल पर कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढती जा रही है।




# ठेला नहीं हटाने पर भड़के जिपं अध्यक्ष के बेटे ने दुकानदार को चाकू मारा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

पानी पतासी के ठेले को न हटाने की बात पर जिला पंचायत अध्यक्ष का बेटा विक्रम आदिवासी भडक गया और उसने गाली गलौच करते हुए ठेला लगाने वाले दुकानदार की केवल मारपीट की, बल्कि उसे चाकू मारकर भी जख्मी कर दिया। यह मामला आवदा थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने इस मामले में जिला पंचायत अध्यक्ष के बेटे पर मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। आवदा थाना पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव जैदा हाल ग्राम धावा निवासी मोहन पुत्र बजरंगलाल सुमन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को जब वह अपने ठेले पर रोज की भांति पानी पतासी बेच रहा था, तभी वहां विक्रम आदिवासी पहुंचा, जिसने पहले पानी पतासी खाई, इसके बाद ठेला रास्ते से एक तरफ हटाने की बात पर मोहन सुमन की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी, इस दौरान उसने मोहन को चाकू भी कर दिया, जिससे उसका कान लहूलुहान हो गया। पुलिस ने विक्रम आदिवासी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।




# घर की रसोई में भभका सिलेंडर, मची अफरा तफरी, फायर टीम ने पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

शहर के वार्ड क्रमांक 15 के गांधीनगर स्थित छोटी मस्जिद वाली गली में बुधवार की सुबह उस समय अफरा तफरी मच गई, जब दिलशाद मेव के घर की रसोई में रखा गैस सिलेंडर खाना बनाते समय अचानक भभक गया। जिसे देखकर घर के लोगों सहित आसपास पडोस के घरो में रहने वाले लोगो अफरा-तफरी मच गई। उनमें यह भय व्याप्त हो गया है कि सिलेंडर की आगू जल्द न बुझ सकी तो यह सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट भी सकता है। इससे कोई बडा हादसा भी घटित होना तय है। इसमामले की सूचना के बाद पुलिस की डायल 112 और नगर पालिका की फायर टीम ने मौके पर पहुंचकर भभक रहे सिलेंडर की आग को बुझाया। तब कहीं जाकर लोगो ने राहत की सास ली।

वार्ड क्रमांक 15 स्थित छोटी मस्जिद वाली गली में रहने वाले दिलशाद मेव के परिवार के लोग जब बुधवार की सुबह घर की रसोई में गैस चूल्हें पर खाना बना रहे थे, तभी अचानक गैस चूल्हें में लगा गैस सिलेंडर भभका उठा और घर के लोगों में अफरा तफरी मच गई। घर की महिलाए और बच्चे चिल्लाते हुए घर से बाहर निकल गए। जब इसका आसपास रहने वाले लोगो को चला तो वे भी यह दृश्य देखकर सकते में आ गए। आसपास के लोगो ने घर के सभी लोगो को सुरक्षित घर से बाहर निकालने के बाद इसकी डायल 112 पर देते हुए प्रशासन को भी इस बारे में अवगत कराया।सूचना के बाद पुलिस टीम के साथ नगर पालिका की फायर टीम मौके पर पहुंच गई। नपा की फायर टीम ने सूझबूझ दिखाते हुए आग पर काबू पाया और सिलेंडर को सुरक्षित बाहर निकालकर स्थिति को नियंत्रित करते हुए हादसे की खबर से सकते में आए लोगो को हादसे का खतरा टालकर राहत दिलवाने का काम किया।



# स्कूली बालिकाएं विज्ञान के प्रति बढाएं अपनी रूचि

## अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सांदीपनि विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में नीति आयोग, भारत सरकार के अंतर्गत संचालित आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत "संपूर्णता अभियान 2.0" के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन सांदीपनि विद्यालय श्योपुर में किया गया।

कार्यक्रम के दौरान आकांक्षी विकासखंड फेलो दीपांशी जादौन द्वारा बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी दी गई तथा उन महिलाओं के बारे में बताया गया, जिन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। साथ ही यह भी समझाया गया कि किस प्रकार विद्यालय की बालिकाएं लैब के माध्यम से विज्ञान में रुचि विकसित कर सकती हैं।

इसी क्रम में ममता संस्थान से लल्लन गौड द्वारा बच्चों को पोषण एवं स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई। उन्होंने बच्चों को व्यक्तिगत स्वच्छता (हाइजीन) का महत्व समझाया तथा बच्चों को पोषणयुक्त खानपान के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं एवं बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि विकसित करना तथा पोषण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।



### विजयुपर में भी हुआ कार्यक्रम का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयपुर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें महिलाओं एवं बालिकाओं को अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर आकांक्षी ब्लॉक फैलो अखिलेश तोमर एवं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अशोक दंडोतिया, बीआरसीसी उमाकांत वशिष्ठ द्वारा कन्या छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर मार्गदर्शन प्रदान किया गया। उन्होंने बालिकाओं को नियमित शिक्षा, आत्मविश्वास एवं स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और ऑनलाइन बालिका शिक्षा एवं नारी सशक्तिकरण की दिशा में बढ़ते कदम की प्रेरणास्पद स्टोरी फिल्म का प्रदर्शन किया गया तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम के अंतर्गत बालिकाओं के साथ खुला संवाद सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं ने अपनी समस्याओं एवं सुझावों को खुलकर साझा किया। विशेष रूप से बालिका शौचालय की स्वच्छता, पानी की उपलब्धता, नियमित साफ-सफाई, गोपनीयता एवं सेनेटरी नैपकिन की व्यवस्था जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। छात्राओं ने अपने विद्यालय के स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण के बारे में बताया।

## मेवातियान कमेटी के द्वारा आलिम ए दीन का सम्मान समारोह आयोजित

# आलिम ए दीन आपकी दुनिया ओर आख़िरत संवारने वाले हैं: मेवाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

आलिम ए दीन का सम्मान करो वो आपकी दुनियां ओर आखिरत दोनों संवारने वाले हैं। यह बात मेवातियान पंचायत के सदर हेमू मेवाती ने ईदगाह परिसर में आयोजित आलिम ए दीन के सम्मान समारोह में संबोधन देते हुए कही।

ईदगाह परिसर में मेवाती समाज द्वारा श्योपुर जिले के मुफ्ती, कारी, हाफिज इत्यादि आलिम ए दीन का इस्तकबाल (स्वागत) कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भागीदारी करने पहुंचे आलिम ए दीन का समाज की ओर से इस्तकबाल करते हुए समाज के अध्यक्ष हेमू मेवाती ने कहा कि आजकल आलिम ए दीन को भी भला बुरा कहने का चलन सोशल मीडिया पर चल निकला है जो बेहद खतरनाक है। उन्होंने कहा कि अगर आलिम ए दीन को इसलिए बुरा कहता है के वो आलिम है तब तो सरीह काफ़िर है, और ब वजह इल्म उसकी ताज़ीम फ़र्ज़ जानता है मगर अपनी किसी दुनियवी ख़ुसूमत के बाइस बुरा कहता है गाली देता है और तहक़ीर करता है तो सख़्त फ़ासिक़ व फ़ाजिर है,

और अगर बे सबब रंज रखता है तो मरीज़ुल क़ल्ब ख़बीसुल बातिन है और उसके कुफ्र का अंदेशा है। इस दौरान समाज की ओर से मुफ्ती राहिल अंसारी, कारी सकील खान, हाफिज महरूप मेव, हाफिज मोहम्मद अयाज, हाफिज फुज़ेल, हाफिज अमन, हाफिज जहीर खान, हाफिज जाहिद, हाफिज खब्बाव आदि का इस्तकबाल किया गया। स्वागत करने वालों में सदर अहमद हेमू के अलावा, कराहल के सदर सेफु मेवाती, राजू मेव, शानू पीपल्दी, शरीफ मेवाती, कलीम मेव, सोहिल मेव, इमरान मेव, साजिद मेव, निसार रानीपुरा, गनी मेव, हनी मेव, ताजू मेव, अख़्तर मेव, जुनेद, अमन, बल्लन मेव, फैसल मेव सानू मेव सहित मेवाती समाज के लोग उपस्थित रहे।



## रामेश्वर में 77 सालों से अटूट आस्था से मनाई जा रही महात्मा गांधी की त्रयोदशी

# आज त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम पर जुटेंगे गांधीवादी मनेगी त्रयोदशी, निकलेगी गांधी दर्शन पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले का त्रिवेणी संगम रामेश्वर धाम कार्तिक पूर्णिमा पर आयोजित होने वाले रामेश्वर मेले के लिए विख्यात नहीं है, बल्कि यह स्थान इसलिए भी महत्वपूर्ण बन गया है कि यहां 77 साल पूर्व राष्ट्रपति महात्मा गांधी की अस्थियां विसर्जित की गई थी। तब से ही यहां हर साल 12 फरवरी को बापू की त्रयोदशी मनाई जा रही है। जिसमें श्योपुर जिले सहित मप्र के अन्य जिलों तथा राजस्थान के गांधीवादी जुटते है। इस बार भी यहां 12 फरवरी को बापू की त्रयोदशी मनाई जाएगी। गांधी विचार मंच के तत्वावधान में यह आयोजन आयोजित किया जाएगा। जिसकी शुरूआत 12 फरवरी की सुबह प्रातः 5 बजे श्योपुर स्थित गांधी सेवा आश्रम से एक गांधी दर्शन पदयात्रा निकाले जाने के साथ होगी।

यह गांधी दर्शन पदयात्रा जाटखेड़ा, रायपुरा, सोंईं, गुरनावदा, शंकरपुर, कोटरा, मेवाडा, बहरावदा, सरोदा व मानपुर होती हुई रामेश्वर पहुंचेगी। पदयात्रा का नेतृत्व महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव रनसिंह परमार, जुगराज रावत एडवोकेट, बाबू जंडेल विधायक श्योपुर तथा अनिल सिंह सचिव गांधी विचार मंच करेंगे। गांधीवादियों के मुताबिक 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की मृत्यु के बाद उनकी अस्थियां 12 फरवरी 1948 को यहां रामेश्वर त्रिवेणी संगम में भी विसर्जित की थी और तभी से अनवरत रूप से यहां हर वर्ष गांधीवाद नेताओं व उनके अनुयायियों का एकत्रीकरण होता है और त्रयोदशी मनाई जाती है। त्रयोदशी के आयोजन के दौरान रामेश्वर त्रिवेणी संगम पर श्योपुर जिले ही नहीं बल्कि राजस्थान के उस पार सवाईमाधोपुर जिले के गांधीवादी नेता भी शामिल होते हैं। इस दौरान यहां सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन होता है और बापू के प्रिय भजनों का गायन होता है, साथ ही बापू की आत्मशांति के लिए पूजा पाठ का आयोजन भी किया जाता है। गांधी स्मृति दिवस के रूप में होने वाले इस आयोजन के अंत में गरीबों व आदिवासियों को भोजन भी कराया जाता है।



### मेग्सेसे एवार्ड विजेता राजेन्द्र सिंह होंगे मुख्य अतिथि

गांधी विचार मंत्र एवं गांधी सेवाश्रम श्योपुर के तत्वावधान में 12 फरवरी को रामेश्वर धाम पर गांधी स्मृति दिवस मनाया जाएगा। महात्मा गांधी सेवाश्रम श्योपुर के प्रबंधक जय सिंह जादौन तथा उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में एशिया का नोबल पुरस्कार कहे जाने वाले मेग्सेसे एवार्ड व स्टॉक होम जल पुरुस्कार विजेता डॉ राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहेंगे तथा वे गांधीजी के विचारों की प्रासंगिकता विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। वही वक्ताओं के रूप में महात्मा गांधी सेवा आश्रम के सचिव डॉ रनसिंह परमार, गांधी दर्शन समिति सवाई माधोपुर के अध्यक्ष विनोद जैन व खंडार विधायक शामिल रहेंगे। कार्यक्रम के पश्चात सहभोज का आयोजन होगा।

### जयपुर नरेश भवानी सिंह ने किया था विसर्जन

महात्मा गांधी की अस्थियां और भस्मी पूरे देश में प्रमुख तीर्थ स्थलों पर प्रवाहित की गई थीं। एक अस्थि कलश जयपुर नरेश सवाई भवानी सिंह के नेतृत्व में 12 फरवरी 1948 को रामेश्वर धाम पर लाया गया था और गांधीजी की अस्थियां विसर्जित की गई। तभी से हर साल 12 फरवरी को बापू की त्रयोदशी मनाने की परंपरा शुरू हुई, तब से ही गांधीवादी नेता आगे बढ़ा रहे हैं।

### निबंध प्रतियोगिता के विजेता होंगे पुरस्कृत

यहां बताना होगा कि गांधी विचारों के प्रचार प्रसार हेतु विद्यालय व महाविद्यालय के स्तर पर वर्तमान दौर में गांधी विचारों की प्रासंगिकता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें महाविद्यालय से ईश्वर वैष्णव ने प्रथम प्रियंका विसारिया ने द्वितीय तथा श्यामा मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि सेंट पायस स्कूल से आयुषी राजावत प्रथम हरगुन पांचाल द्वितीय परणिका गंगवाल तृतीय व सांत्वना पुरस्कार हेतु खुशबू गोयल का चयन किया गया।पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय से आदित्य गौतम, प्रिंसेस मीणा व जानवी सरैया ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया सांदीपनि विद्यालय से प्रगति सुमन, कार्तिक वशिष्ठ व देवांश गौतम प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे।माडर्न स्कूल से हर्षिता जादौन प्रथम व कृष्णा द्वितीय रही शासकीय उ मा विद्यालय मानपुर से शुभम राठौर व राजकंता माली प्रथम व द्वितीय रहे। विजेता के रूप में चयनित किए गए विद्यार्थियों को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया जाएगा।

### जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित

श्योपुर। कलेक्टर अर्पित वर्मा द्वारा वर्ष 2026 में श्योपुर जिले के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किये गये है। जारी आदेश के अनुसार होली की भाईदूज 05 मार्च 2026 तथा दीपावली की भाईदूज 11 नवंबर 2026 को संपूर्ण जिले में स्थानीय अवकाश रहेगा। इसी क्रम में 12 सितंबर 2026 शनिवार को मेला छिमछिमा हनुमान जी मंदिर विजयपुर के अवसर पर तहसील क्षेत्र विजयपुर एवं वीरपुर के लिए स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है। इसी प्रकार डोल ग्यारस जल झूलनी एकादश के अवसर पर 22 सितंबर 2026 को तहसील क्षेत्र श्योपुर, बडौदा एवं कराहल में स्थानीय अवकाश रहेगा। यह अवकाश संपूर्ण जिले के लिए घोषित किये गये है, यह अवकाश बैंक एवं कोषालय तथा उप कोषालयो पर लागू नही होगा। इसके साथ ही जिन शैक्षणिक संस्थाओं की इन तिथियों में परीक्षाएं नियत है, उन पर भी यह अवकाश प्रभावशील नही रहेगा।

### आयुष शिविर आज

श्योपुर। आयुष विभाग एवं सामाजिक न्याय विभाग के तत्वाधान में 12 एवं 13 फरवरी को वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष चिकित्सा शिविर आयोजित किये जायेगे।

जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि प्रेरणा वृद्धाश्रम में उक्त तिथियों में प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक वृद्धजनो हेतु आयुष चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### आत्मा योजनांतर्गत राज्य के बाहर एवं राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षण करने कृषकों का दल किया रवाना

गुना। कृषि विभाग की आत्मा योजनांतर्गत राज्य के बाहर एवं राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षण कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार राज्य के बाहर प्रशिक्षण हेतु 10 कृषकों का दल प्रभारी आर.एस.लोधा बीटीएम आरोन द्वारा रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय झांसी उत्तरप्रदेश तथा राज्य के अन्दर कृषक प्रशिक्षण आयोजित कराने हेतु 50 कृषकों के दल प्रभारी मनमोहन सिंह भूरिया बी.टी.एम. गुना एवं दल प्रभारी सुनील भील बी.टी.एम. राघौगढ के द्वारा राष्ट्रीय सोयाबीन अनुसंधान केन्द्र इंदौर के लिए उपसंचालक कृषि संजीव शर्मा के मार्गदर्शन में जिले के सहायक संचालक कृषि राजवीर सिंह तोमर द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवानगी दी।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी व्यवहारी रेहमत अंसारी पत्नि हफीज मोहम्मद असारी उम्र 63 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर का नाम आधार व वोटर कार्ड मे मेरा नाम रेहमत अंसारी पत्नी हफीज मोहम्मद अंसारी (Rehmat Ansari w/o Hafeez Mohammad Ansari) दर्ज है। भारत सरकार द्वारा बनाया गया पासपोर्ट मे हमारी व्यवहारी का नाम रेहमत बाई पत्नी हफिज मोहम्मद (Rehmat Bai w/o Hafiz Mohammad) दर्ज हो गया है। अब हमारी व्यवहारी का पासपोर्ट नाम रेहमत बाई पत्नी हफिज मोहम्मद (Rehmat Bai w/o Hafiz Mohammad) के स्थान पर आधार कार्ड व वोटर कार्ड के अनुसार रेहमत अंसारी पत्नी हफीज मोहम्मद अंसारी (Rehmat Ansari w/o Hafeez Mohammad Ansari) दर्ज करवाना चाहते हैं हमारी व्यवहारी के पासपोर्ट मे नाम रेहमत बाई पत्नी हफिज मोहम्मद (Rehmat Bai w/o Hafiz Mohammad) के स्थान पर आधार कार्ड व वोटर कार्ड के अनुसार रेहमत अंसारी पत्नि हफीज मोहम्मद असांरी (Rehmat Ansari W/O Hafeez Mohammad Ansari) उम्र 63 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर दर्ज किया जावे। मुनव्वर अली, धर्मसिंह मीणा, राजेन्द्र प्रजापति, नौशाद अहमद एडवोकेट्स, पुलिस कोतवाली के पीछे श्योपुर जिला श्योपुर म.प्र. वास्ते- रेहमत अंसारी पनि हफीज मोहम्मद असांरी (Rehmat Ansari W/O Hafeez Mohammad Ansari) उम्र 63 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर म.प्र.

मुनव्वर अली, धर्मसिंह मीणा, राजेन्द्र प्रजापति, नौशाद अहमद एडवोकेट्स, पुलिस कोतवाली के पीछे श्योपुर जिला श्योपुर म.प्र.
वास्ते- रेहमत अंसारी पनि हफीज मोहम्मद असांरी उम्र 63 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर म.प्र.

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारे व्यवहारी हफीज मोहम्मद अंसारी पुत्र श्री इस्माईल खान ( Hafeez Mohammad Ansari S/O Ismail khan) उम्र 67 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर का नाम आधार व वोटर कार्ड मे नाम हफीज मोहम्मद अंसारी (Hafeez Mohammad Ansari) नाम दर्ज है। भारत सरकार द्वारा बनाया गया पासपोर्ट मे हमारे व्यवहारी का नाम हफिज मोहम्मद (Hafiz Mohmmad) दर्ज हो गया है। अब हमारा व्यवहारी पासपोर्ट मे नाम हफिज मोहम्मद (Hafiz Mohammad) के स्थान पर मेरे आधार कार्ड व वोटर कार्ड के अनुसार हफीज मोहम्मद अंसारी (Hafeez Mohammad Ansari) दर्ज करवाना चाहते हैं। अतः हमारे व्यवहारी का नाम पासपोर्ट मे हफीज मोहम्मद अंसारी पुत्र श्री इस्माईल खॉन (Hafeez Mohammad Ansari S/O Ismail khan) उम्र 67 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर दर्ज किया जावे। मुनव्वर अली, धर्मसिंह मीणा, राजेन्द्र प्रजापति, नौशाद अहमद एडवोकेट्स, पुलिस कोतवाली के पीछे श्योपुर जिला श्योपुर म.प्र. वास्ते- हफीज मोहम्मद अंसारी पुत्र श्री इस्माईल खान (Hafeez Mohammad Ansari S/O Ismail Khan) उम्र 67 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर

मुनव्वर अली, धर्मसिंह मीणा, राजेन्द्र प्रजापति, नौशाद अहमद एडवोकेट्स, पुलिस कोतवाली के पीछे श्योपुर जिला श्योपुर म.प्र.
वास्ते- हफीज मोहम्मद अंसारी पुत्र श्री इस्माईल खान उम्र 67 वर्ष जाति मुसलमान निवासी 69 मोहल्ला फदनपुरा, किला रोड़ वार्ड क्र. 01 तह. व जिला श्योपुर

**खबर संक्षेप**

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम बिल्हुरू निवासी रानी राजपूत उम्र 23 साल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष की ओर से हरिओम, रामबाबू, पार्वती बाई राजपूत ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ति किया और जान से मारने की धमकी दी। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### उपचार करा रहे दो रोगियों की मौत


**अशोकनगर।** जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार करा रहे दो रोगियों की मौत हो गई। जिनमें गंगाराम पुत्र तुलाराम निवासी आमखेडा तूमैन उम्र 25 साल को जलने के बाद झुलसी हुई अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार ग्राम गोरा सोनेरा निवासी नीरज रघुवंशी को जहरीला पदार्थ खाने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां पर उसकी मौत हो गई।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने नरसूखेड़ी निवासी रामचन्द्र राव मराठा के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने ही ईसागढ के भटियाना मोहल्ला निवासी गुरूचरण सिक्ख के पास से 07 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के ईसागढ थाने की पुलिस ने नरसूखेडी निवासी रामपाल आदिवासी से 5 लीटर हाथभट्टी की कच्ची शराब बरामद की है।

### दो आरोपी गिरफ्तार, इंदौर से आई नारकोटिक्स की टीम, जिला पुलिस बेखबर

# 3 दिन पुलिस की टीम सिविल ड्रेस में घूमती रही, डेढ़ करोड़ रुपए की सामग्री बरामद





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के चन्देरी थाने की विक्रमपुर चैकी के अंतर्गत ग्राम कडराना में नारकोटिक्स पुलिस ने एक ड्रग्स बनाने की बड़ी फैक्ट्री का खुलाशा किया है। यहां से नारकोटिक्स के अमले ने डेढ़ करोड़ रूपए कीमत की सामग्री बरामद की है, जिससे एमडी ड्रग्स बनाने का कारोबार किया जा रहा था। नारकोटिक्स पुलिस ने चोरी छिपे कडराना गांव में चल रही इस ड्रग्स फैक्ट्री के मुख्य आरोपी प्रियाशुं जैन उम्र 31 साल और राघवेन्द्र सिंह परमार उम्र 38 साल को गिरफ्तार किया है। इन्दौर नारकोटिक्स पुलिस इन दोनो ही आरोपियों को अपने साथ ले गई है।

दरअसल इस पूरे मामले की कहानी यह है कि इस जहरीले ड्रग्स को बनाने का बड़ा कारोबार चलाने वाले लोग प्रशासन की आंखों में धूल झौंककर इस कारोबार को कडराना गांव में कर रहे थे। न तो चन्देरी की पुलिस को कोई जानकारी थी न जिला प्रशासन को कोई पता था। यह दोनों ही पुलिस हाथ पर हाथ रखे बैठी रहीं और इन्दौर की नारकोटिक्स पुलिस ने इस बड़े ड्रग्स कारोबार का भंडाफोड़ किया है। कडराना गांव में गुप्त स्थान पर चल रहे इस कारोबार में कितने लोग शामिल है इसका पता नहीं है। दरअसल इन्दौर की नारकोटिक्स के हत्थे एक आरोपी चढ़ा था जब इस आरोपी से नारकोटिक्स पुलिस ने पूछताछ की तब उसने इस तरह की सामग्री उन तक भेजने वाले लोगों के नामों का खुलाशा किया।

#### डीएसपी 4 टीआई और 11 जवानों की टीम कडराना गांव पहुंची

जिसके बाद नारकोटिक्स पुलिस के डीएसपी संतोष हाड़ा के नेतृत्व में 4 इंस्पेक्टर, 11 कांस्टेवल और हेड कांस्टेवल को मिलाकर कुल 15 का अमला 4 वाहनों से चन्देरी पहुंचा और वहां से सुराग लगाते हुए विक्रमपुर चैकी के कडराना गांव पहुंचा। जहां पुलिस के यह 15 जवान सादा ड्रेस में गांव में इस अवैध फैक्ट्री का पता लगाने के काम में जुटे रहे। जिसके बाद नारकोटिक्स पुलिस ने यह अवैध ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का खुलाशा किया है, यहां एक मकान के अंदर यह फैक्ट्री कैमीकल पदार्थों से तैयार की जा रही थी।

#### जब्त डेढ़ किलो माल की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत डेढ़ करोड़

यहां एमडी ड्रग्स तैयार किया जा रहा था, इसे कैमिकल्स के माध्यम से बनाया जाता है, यह नशा हीरोइन,स्मैक से भी ऊपर है इस तरह के नशे की सामग्री का उपयोग बड़ी बड़ी पार्टियों और नाईट क्लबों में किया जाता है, यहां कईं तरह का माल लाकर कैमिकल तैयार कर ड्रग्स के बड़े माफियाओं को सप्लाई किया जाता है। यहां से इन्दौर से आई नारकोटिक्स की पुलिस ने प्रियाशुं पुत्र सुनील जैन निवासी हाटकापुरा चन्देरी और राघवेन्द्र पुत्र बलराम सिंह परमार उम्र 38 साल निवासी कडराना को गिरफ्तार किया है। यह घर राघवेन्द्र सिंह का है यहां से नारकोटिक्स पुलिस ने 1 किलो 282 ग्राम तैयार सुदा अवैध मादक पदार्थ एमडी तथा 2 किलो 579 ग्राम अर्घडोस नरल मादक पदार्थ, 45 किलो एमपडी बनाने का कैमीकल, एक होण्डा कंपनी की कार जिसका नंबर एमपी04 सीयू 5182 है, दो मोबाइल फोन, एक लांयसेंसी पिस्टल मय 15 जिंदा कारतूस तथा एमडी बनाने के उपकरण बरामद किए हैं।

#### नारकोटिक्स पुलिस दोनों आरोपियों को अपने साथ इंदौर ले गई

इस संपूर्ण मामले में नारकोटिक्स पुलिस दोनों आरोपियों को अपने साथ गिरफ्तार कर इन्दौर ले गई है। इस पूरे मामले में पुलिस इन दोनों आरोपियों से मिले मोबाइल के आधार पर उनके संपर्क सूत्र तलाश रही है कि उनके द्वारा यह माल कहां भेजा जाता था, कौन कौन से तश्कर उनके संपर्क में हैं कोई बड़ा अर्तराज्यीय गिरोह से तो संपर्क नही हैं। यह भी पता लगाया जा रहा है कि इनके द्वारा यह कारोबार कब से किया जा रहा है। इस तैयार किए गए माल को क्या इनके ही द्वारा बाहर जाकर सप्लाई किया जाता था या कोई नशे के सौदागर इस माल को लेने के लिए कडराना गांव पहुंचते थे। जिस तरीके से यह कारोबार का अवैध व्यापार की फैक्ट्री मिली है उसे देखते हुए नारकोटिक्स के अधिकारियों को लगता है कि पेशेवर तरीके से यह कारोबार यहां किया जा रहा था।

#### नशे के सौदागर शांत कहे जाने वाले जिले के चंदेरी कस्बे में पहुंचे

नशे के सौदागर मध्यप्रदेश के सबसे शांत कहे जाने वाले अशोकनगर जिले में इस कारोबार को करने में लगे थे लेकिन अशोकनगर तो छोड़ चन्देरी पुलिस को भी पता नहीं था आखिर जिले में पुलिस का खुफिया तंत्र कमजोर क्यों हैं क्यों अशोकनगर जिले की पुलिस को इन नशे के सौदागरों का कोई पता नही चला। क्या कारण है कि इन्दौर की नारकोटिक्स पुलिस को इन आरोपियों को पकड़ने के लिए 400 किलोमीटर की यात्रा पूरी कर चन्देरी पहुंचना पड़ा।

#### जिले के पुलिस अधिकारियों ने कहा नारकोटिक्स की कार्रवाई

अशोकनगर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर ने बताया कि मध्यप्रदेश में नारकोटिक्स का बड़ा हेडक्वार्टर इन्दौर है जहां से पूरे नशे के बड़े कारोबारियों पर नजर रखी जाती है। एमडी ड्रग्स के माध्यम से छोटी छोटी गोलियां तैयार की जाती हैं और इन्हे नशा करने वालों को दी जाती हैं। यह इतनी भयानक नशे की गोलियां होती हैं कि उपयोग करने वाले को इसकी लत पड़ जाती है इसीलिए इसका नाम चरस,स्मैक से ऊपर है। जो सामग्री मिली है उसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में डेढ़ करोड़ रूपए की कीमत है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, 2 गंभीर सागर रेफर

**बीना।** गांधी वार्ड में रेलवे बायपास पर स्थित रेल ओवरब्रिज पर मंगलवार देर शाम अज्ञात कारण के चलते बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सागर रेफर किया गया। बाइक सवार भगवान दास पिता बाबूलाल उम्र 23 वर्ष निवासी जागेश्वरी कॉलोनी गांधी वार्ड के साथ उसका साला राजा पिता राजेश उम्र 18 वर्ष निवासी टीकमगढ़ एवं भगवानदास यादव का दोस्त अंकित पिता नोनितराम उम्र 20 वर्ष निवासी जागेश्वरी कॉलोनी गांधी वार्ड तीनों एक बाइक पर सवार होकर बाजार से कपड़े लेकर घर लौट रहे थे कि रेलवे ओवरब्रिज पर दुर्घटना हो गई। तीनों घायलों को सिविल अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर की जांच में भगवानदास यादव को मृत घोषित कर दिया गया है। राजा और अंकित को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सागर रेफर कर दिया गया है। हादसा का कारण अज्ञात है। मृतक भगवानदास यादव के भतीजे का बुधवार को जन्मदिन था, इसलिए वह अपने साले और दोस्त को लेकर बाजार कपड़े खरीदने गया हुआ था। कपड़े खरीदकर घर लौट रहा था कि हादसे में उसकी जान चली गई। गांधी वार्ड में रेलवे बायपास पर स्थित रेल ओवरब्रिज पर मंगलवार देर शाम अज्ञात कारण के चलते बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सागर रेफर किया गया। सवार भगवान दास पिता बाबूलाल उम्र 23 वर्ष निवासी जागेश्वरी कॉलोनी गांधी वार्ड के साथ उसका साला राजा पिता राजेश उम्र 18 वर्ष निवासी टीकमगढ़ एवं भगवानदास यादव का दोस्त अंकित पिता नोनितराम उम्र 20 वर्ष निवासी जागेश्वरी कॉलोनी गांधी वार्ड तीनों एक बाइक पर सवार होकर बाजार से कपड़े लेकर अपने घर लौट रहे थे।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में केंद्रीय विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में मंगलवार को केंद्रीय विद्यालय अशोकनगर में विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर मालवीय द्वारा एक्टिविटी सेशन मानसिक स्वास्थ्य तथा शारीरिक स्वास्थ्य हेतु मेडिटेशन तथा योग कक्षा आयोजित किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि विद्यालय में पेयजल, शौचालय तथा साफ-सफाई व्यवस्था पर्याप्त रहे यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने नवीन भवन निर्माण हेतु पत्राचार तथा कम्युनिकेशन कर कार्य शुरू किये जाने के निर्देश दिए। अंशकालीन शिक्षकों के पैनल बनाने हेतु साक्षात्कार की प्रकिया सही समय पर पूर्ण किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए टेंडर प्रक्रिया किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रातःकालीन सभा में राष्ट्रगान के साथ साथ राष्ट्रगीत भी शामिल किया जाए। प्रातःकालीन सभा में 5 मिनट्स का योग सत्र तथा 5 मिनट्स का ध्यान( मेडिटेशन) भी शामिल किया जाए।

बैठक में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर,जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया, डीपीसी राहुल शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अल्का त्रिवेदी, जीएम एमपीईबी मधुसूदन कोरी, एसडीओ पीडब्ल्यूडी अशोक कुमार गुप्ता, दर्श दुबे संगीतज्ञ, भावना चैधरी अभिभावक सदस्य, अमर सिंह यादव अभिभावक सदस्य तथा केंद्रीय विद्यालय अशोकनगर के प्राचार्य रमेशचंद्र बामनिया एवं हरिशंकर भारती वरिष्ठ शिक्षक, सरजीत कौशिक, दिलीप कुमार, महेंद्र यादव, नितेश लोधी, महिमा जैन, अपर्णा शर्मा बैठक में उपस्थित रहे।

## जनसुनवाई में 132 आवेदकों की कलेक्टर ने सुनी समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रति मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई कार्यक्रम के चलते 132 आवेदक शहर से लेकर गांव तक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे, जिन्हे कलेक्टर द्वारा समक्ष में सुना गया और निराकरण के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में अशोकनगर निवासी कृष्णभान सिंह आदिवासी द्वारा पट्टा दिलाए जाने,अशोकनगर निवासी विनोद अहिरवार द्वारा एम्बुलेंस सेवा में पुनः नियुक्त करने,ग्राम ढोढिया निवासी सबीता बाई अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम करख्या निवासी चंदन सिंह द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने,ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी गुलाबचंद जैन द्वारा भूमि से कब्जा हटाए जाने,ग्राम बरखेड़ा जमाल निवासी संगीता अहिरवार द्वारा आर्थिक सहायता राशि दिलाए जाने,ग्राम रांठ निवासी मोहन सिंह द्वारा सीमांकन कराए जाने,नईसराय निवासी मुन्नीबाई द्वारा आवास एवं रोजगार दिलाए जाने,ग्राम चारौदा निवासी तोरन सिंह आदिवासी द्वारा भूमि पर कब्जा हटाए जाने,अशोकनगर निवासी सुनीता बाई द्वारा अवैध कब्जा हटाए जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए। जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर, ब्रजबिहारी लाल श्रीवास्तव,एसडीएम शुभ्रता त्रिपाठी सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय को पुण्यतिथि पर भाजपा नगर मंडल ने श्रद्धांजलि दी

## दीनदयाल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है: धरमू राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



भारतीय जनसंघ के संस्थापक एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा नगर मंडल द्वारा दीनदयाल पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय ने अपने संबोधन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानव दर्शन के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं से मानव सेवा एवं राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का आग्रह किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष उषा दिनेश राय ने संगठन कार्य में सेवा भाव को सर्वोपरि बताते हुए कार्यकर्ताओं को समर्पित भाव से कार्य करने का संदेश दिया। वहीं पूर्व विधायक धरमू राय ने उनके त्यागमय जीवन का उल्लेख करते हुए कहा कि दीनदयाल का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचारों को अपनाकर ही संगठन सशक्त बन सकता है। मुख्य कार्यक्रम के साथ-साथ नगर मंडल के विभिन्न शक्ति केंद्रों एवं बूथों पर भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता विजय हुरकट, ज्योति दुबे, मनोज शर्मा, नीतू राय, संतोष ठाकुर, रतन यादव, बलराम राय, संजीव बौद्ध, सोनाली राय, राजेंद्र दुबे, गौरी शंकर राय, अजय ठाकुर, शशि केथोरिया, राकेश सेन, प्रीति नायक सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष रमाकांत बिलगैंया, भारती राय, राजा बाबू यादव, कैलाश कुशवाहा, डब्बू लखेरा, महामंत्री आलेख राय, नंद किशोर चौधरी, लोमस तिवारी, प्रहलाद यादव, प्रदीप तिवारी, अंकित पंथी, कल्पना चौरसिया, पवन गुलाटी, आदिश शाह, कृष्णा कुशवाहा, आनंद राजपूत, नटवर शास्त्री आदि मौजूद रहे।

## प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन पिछोर की नई कार्यकारिणी का गठन मनीष लोधी बने ब्लॉक अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिछोर



प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन पिछोर का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम रविवार को गणेश विद्यालय पिछोर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की नई ब्लॉक कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें मनीष लोधी को ब्लॉक अध्यक्ष, अरविन्द लोधी को सचिव, उमेश लोधी को कोषाध्यक्ष एवं गौरव गुप्ता को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश सचिव राजकुमार शर्मा रहे, जबकि चाइल्ड वेलफेयर के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद चौधरी ने की। अन्य अतिथियों में प्रमोद जैन, पृथ्वीराज चौहान, जिला उपाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, शोभाराम झा, करैरा ब्लॉक अध्यक्ष विनोद भार्गव सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की गई।कार्यक्रम का मंच संचालन उमेश लोधी द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव राजकुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन शिक्षकों और निजी विद्यालयों की समस्याओं को संगठित रूप से शासन-प्रशासन तक पहुँचाने का सशक्त मंच है। संगठन का उद्देश्य निजी विद्यालयों के हितों की रक्षा के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना है। उन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई देते हुए नई टीम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की अपेक्षा जताई। विशिष्ट अतिथि चाइल्ड वेलफेयर के प्रदेश अध्यक्ष पवन शर्मा ने कहा कि निजी विद्यालय बच्चों के शैक्षणिक, नैतिक एवं सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वर्तमान समय में शिक्षा के साथ बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों एवं संस्कारों पर भी विशेष ध्यान देना आवश्यक है। इस दिशा में प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन का योगदान सराहनीय है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मनोज पाठक, पिछोर के पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष नीरज गुप्ता, राजनारायण गुप्ता, राजेश राजौरिया, बितिराम लोधी आदि मौजूद रहे।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भौंरा काछी निवासी रंजीत जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी नितिन कोंसल और उसके कर्मचारी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नेहरा, थाना कुरवाई जिला विदिशा निवासी लवकुश अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जगभान अहिरवार निवासी नानौन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढोड़यिा निवासी बलवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिटठू, भवरसिंह, कमलसिंह, करतार सिंह, रघराज सिंह, लक्ष्मणसिंह, पप्पू,नेपाल कल्ला, पूरन, शैतान, कृष्णपाल, शिशुपाल, पतराम, हरतुम, गुडडा, कपिल जगभान, राजन, परमाल, भानसिंह यादव ने एक राय होकर खेत पर बनी टपरिया के विवाद पर उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से भवंर सिंह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कमला, भरोसा, गुलाब, बलवीर, जजवीर, पवन, मधु, वेजंती, सिया, संदीप, हरीसिंह, रवि, मनोज, जयसिंह, सतीश, कल्ला, नीलेश, सोनू, और 5 अन्य लोगों ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## पीड़ित ने दबंगों से परेशान होकर जनसुनवाई में लगाई न्याय की गुहार

### परिवार का आरोप-बच्चों को स्कूल नहीं जाने देते



**अशोकनगर।** जिले के बामौरा निवासी फूलसिंह पुत्र नारायण सिंह अहिरवार अपने परिवार के साथ जिले के अधिकारियों के पास गांव वालों से पीड़ित होकर फरियाद करने पहुंचा। फूल सिंह अहिरवार के परिजनों का आरोप है कि 2 वर्ष पूर्व पूरे गांव की मक्का की फसल में कीटनाशक दवाई का छिडकाव हुआ था इस पर एक लावारिस बछडा मारा गया था। जिसमें मेरी कोई गलती नहीं थी, गांव वालों ने उल्टा उस पर आरोप लगाया, और दबंगों ने मुझे गंगाजी भेजा, भंडारा करवा लिया और अब भी मुझे और मेरे परिवार को परेशान किया जा रहा है।

इस तरह की फरियाद लेकर फूलसिंह अहिरवार अपने परिवार जनों के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कवंर के पास पहुंचा और अपनी दास्तान सुनाई और एक लिखित आवेदन सौंपा। जिसमें कहा गया है कि गांव के कुछ दबंग दादागिरी का लाभ उठाकर उस पर जबरदस्ती आरोप लगा रहे हैं जिससे मेरा और मेरे परिवार का सामाजिक जीवन संकट में पड़ गया है। गांव का प्रेम सिंह कहता है कि रास्ते में कहीं मिल जाए तो काटकर बोरी में भरकर फैंक दो, गांव के लोगों द्वारा मुझे कईं तरह की प्रताडना दी जा रही हैं मेरे बच्चों को स्कूल जाने से रोका जा रहा है। दुकानों और हेंडपंप पर जाने से रोका जा रहा है। मेरे परिवार को जातिगत भेदभाव और छुआछूत सहना पड़ रहा है मुझे जान से मारने की धमकियां दी जा रही हैं और 15 फरवरी को मेरे भाई के लड़के टीका फलदान के कार्यक्रम में उपद्रव फैलाने की धमकी दी जा रही है। फूल सिंह का कहना है कि वह अपनी बेटियों का विवाह भी नहीं कर पा रहा है।

#### कार्रवाई की जाएगी

फूल सिंह अहिरवार द्वारा एक आवेदन जनसुनवाई में दिया गया है जिसे लेकर अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आवेदक और उसके परिवार को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, यदि आवेदक के अनुसार गांव के लोगों द्वारा दबंगई दिखाई जा रही है तो उन पर भी कार्यवाही की जाएगी और आवेदक को न्याय मिले इसके प्रयास किए जाएगें।

**श्री गजेन्द्र सिंह कंवर**
अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर।

### 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

## हाथ भट्टी की 55 लीटर कच्ची अवैध शराब की गई बरामद



**अशोकनगर।** थाना प्रभारी कदवाया निरीक्षक मनीष सिंह जादौन द्वारा अवैध शराब के विरुद्द प्रभावी कार्यवाही करते हुये 55 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की वनी अवैध शराब कीमती 8250 रुपये सहित 02 आरोपिया को किया गिरफ्तार कर एवं 2000 लीटर लाहन नष्ट करने में सफलता प्राप्त की।

उल्लेखनीय है कि 10 फरवरी को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग ग्राम श्यामगढ जंगल के नाले में हाथ भट्टीयों पर कच्ची शराब अवैध रुप से उतार रहे है। सूचना पर से थाना प्रभारी कदवाया द्वारा टीम गठित कर तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुये ग्राम श्यामगढ में दविश दी गई। दबिश के दौरान आरोपीगण पुष्पेन्द्र पुत्र विजय राम गुर्जर उम्र 23 साल निवासी ग्राम श्यामगढ, पवन पुत्र विजयराम गुर्जर उम्र 38 साल निवासी ग्राम श्यामगढ के शराब बनाते हुये मिले एवं उनके पास श्यामगढ नाले से आरोपीयों के कब्जे से 04 प्लास्टिक की केनों में पृथक पृथक कुल 55 लीटर हाथ भट्टी की वनी कच्ची शराब कीमती करीवन 8250 रुपये को पुलिस द्वारा जप्त किया गया व आसपास नाले एवं जंगल से करीवन 02 हजार लीटर लाहन कीमती करीवन 20 हजार रुपये का नष्ट किया गया एवं आरोपीगणों को गिरफ्तार किया आरोपीगण द्वारा पूछताछ पर उक्त शराब किन्ते उर्फ कुलविन्दर सरदार, रंजीत सरदार एवं सित्ते उर्फ सुरजीत सरदार निवासी ईशागढ के लिये बनाना अताया। जिस आधार पर प्रकरण में उक्त तीनों को भी आरोपी बनाया गया एवं आरोपीयों के विरुद्द अपराध क्र. 16/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीवद्द कर विवेचना में लिया गया।